# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## International Conference will be organized at CUH

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 21-12-2021**

तैयारी

**देश-विदेश से जुटेंगे विद्वान, विशेषज्ञ, शिक्षक और शोधार्थी**

# अंतरराष्ट्रीय भौगोलिक संघ सम्मेलन का आयोजन करेगा हकेंवि

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महेंद्रगढ़।** अंतरराष्ट्रीय भौगोलिक संघ विश्व स्तर पर भौगोलिक विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। संघ का उद्देश्य मुख्य रूप से दुनियाभर में गठित राष्ट्रीय कमेटियों, आयोगों व कार्यालयों के माध्यम से भौगोलिक शिक्षण और अनुसंधान को बढ़ावा देना है। इन्हीं प्रयासों के तहत वर्ष 2022 में संघ हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय भौगोलिक संघ सम्मेलन का आयोजन करेगा।



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़। संवाद

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संघ की ओर से मिले इस अवसर को उल्लेखनीय बताते हुए कहा कि अवश्य ही इसके माध्यम से भौगोलिक जगत देश-विदेश के विद्वान विश्वविद्यालय में जुटेंगे और विभिन्न नए बदलावों पर एक मंच पर चर्चा करेंगे। विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय भौगोलिक संघ (आईजीयू) के सहयोग से आयोजित होने वाले इस सम्मेलन के विषय में जानकारी देते हुए भूगोल विभाग के शिक्षक प्रभारी डॉ. मनीष कुमार ने बताया कि संघ भौगोलिक शिक्षण और अनुसंधान को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है और अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए संघ दुनिया भर के कुछ चुनिंदा विश्वविद्यालयों में ऐसे सम्मेलनों और बैठकों का आयोजन करता है। यह एक समर्पित अंतरराष्ट्रीय, अशासकीय, पेशेवर संगठन है।

डॉ. मनीष कुमार ने बताया कि संघ के द्वारा अपनी विभिन्न गतिविधियों के बीच प्रत्येक चार वर्षों में एक बार अंतरराष्ट्रीय भौगोलिक कांग्रेस के साथ-साथ विश्व में विविध प्रादेशिक कांफ्रेंस और बैठकों का आयोजन किया जाता है।

अपने इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत संघ द्वारा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग को आगामी वर्ष 2022 में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस के आयोजन के लिए अवसर प्रदान किया गया है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

## Public Relations Office

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 21-12-2021**

## हकेंवि महेंद्रगढ़ में होगा अंतरराष्ट्रीय भौगोलिक संघ का सम्मेलन

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ :** अंतरराष्ट्रीय भौगोलिक संघ विश्व स्तर पर भौगोलिक विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। संघ का उद्देश्य दुनियाभर में गठित राष्ट्रीय कमेटियों, आयोगों व कार्यालयों के माध्यम से भौगोलिक शिक्षण और अनुसंधान को बढ़ावा देना है। इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत वर्ष 2022 में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के साथ मिलकर भौगोलिक संघ अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस अवसर को उल्लेखनीय बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से देश-विदेश के विद्वान विश्वविद्यालय में जुटेंगे और विभिन्न नए बदलावों पर एक मंच पर चर्चा करेंगे। भूगोल विभाग के शिक्षक प्रभारी डा. मनीष कुमार ने बताया कि संघ भौगोलिक शिक्षण और अनुसंधान को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। यह एक समर्पित अंतरराष्ट्रीय, अशासकीय, पेशेवर संगठन है। उन्होंने बताया कि संघ के द्वारा अपनी विभिन्न गतिविधियों के बीच प्रत्येक चार वर्षों में एक बार अंतरराष्ट्रीय भौगोलिक कांग्रेस के साथ-साथ विश्व में विविध प्रादेशिक कान्फ्रेंस और बैठकों का आयोजन किया जाता है।



प्रो. टकेश्वर कुमार •

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Tribune** **Date: 21-12-2021**

## हकेवि में होगा अंतरराष्ट्रीय भौगोलिक संघ का सम्मेलन

नारनौल, 20 दिसंबर (निस)

अंतरराष्ट्रीय भौगोलिक संघ विश्व स्तर पर भौगोलिक विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। संघ का उद्देश्य मुख्य रूप से दुनियाभर में गठित राष्ट्रीय कमेटियों, आयोगों व कार्यालयों के माध्यम से भौगोलिक शिक्षण और अनुसंधान को बढ़ावा देना है। इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत वर्ष 2022 मे संघ हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संघ की ओर से मिले इस अवसर को उल्लेखनीय बताया और कहा कि अवश्य ही इसके माध्यम से भौगोलिक जगत देश-विदेश के विद्वान विश्वविद्यालय में जुटेंगे और विभिन्न नए बदलावों पर एक मंच पर चर्चा करेंगे।

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 21-12-2021**

## हकेंवि में होगा अंतर राष्ट्रीय भौगोलिक संघ का सम्मेलन

**महेंद्रगढ़।** अंतर राष्ट्रीय भौगोलिक संघ विश्व स्तर पर भौगोलिक विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। संघ का उद्देश्य मुख्य रूप से दुनियाभर में गठित राष्ट्रीय कमेटियों, आयोगों व कार्यालयों के माध्यम से भौगोलिक शिक्षण और अनुसंधान को बढ़ावा देना है। इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत वर्ष 2022 में संघ हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ मिलकर अंतर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संघ की ओर से मिले। इस अवसर को उल्लेखनीय बताया और कहा कि अवश्य ही इसके माध्यम से भौगोलिक जगत देश-विदेश के विद्वान विश्वविद्यालय में जुटेंगे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 21-12-2021**

# हकेंवि में होगा अंतर्राष्ट्रीय भौगोलिक संघ का सम्मेलन

## ■वर्ष 2022 के लिए विश्वविद्यालय को मिला अवसर

महेंद्रगढ़, 20 दिसम्बर (परमजीत, मोहन): अंतर्राष्ट्रीय भौगोलिक संघ विश्व स्तर पर भौगोलिक विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। संघ का उद्देश्य मुख्य रूप से दुनियाभर में गठित राष्ट्रीय कमेटियों, आयोगों व कार्यालयों के माध्यम से भौगोलिक शिक्षण और अनुसंधान को बढ़ावा देना है। इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत वर्ष 2022 में संघ हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के साथ मिलकर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संघ की ओर से मिले इस अवसर को उल्लेखनीय बताया और कहा कि अवश्य ही इसके माध्यम से भौगोलिक जगत देश-विदेश के विद्वान विश्वविद्यालय में जुटेंगे और विभिन्न नए बदलावों पर एक मंच पर चर्चा करेंगे।



*कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।*

विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय भौगोलिक संघ (आई.जी.यू.) के सहयोग से आयोजित होने वाले इस सम्मेलन के विषय में जानकारी देते हुए भूगोल विभाग के शिक्षक प्रभारी डा. मनीष कुमार ने बताया कि संघ भौगोलिक शिक्षण और अनुसंधान को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है और अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए संघ दुनिया भर के कुछ चुनिंदा विश्वविद्यालयों में ऐसे सम्मेलनों और बैठकों का आयोजन करता है। यह एक समर्पित अंतर्राष्ट्रीय, अशासकीय, पेशेवर संगठन है।

डा. मनीष कुमार ने बताया कि संघ द्वारा अपनी विभिन्न गतिविधियों के बीच प्रत्येक 4 वर्षों में एक बार अंतर्राष्ट्रीय भौगोलिक कांग्रेस के साथ-साथ विश्व में विविध प्रादेशिक कांफ्रैंस और बैठकों का आयोजन किया जाता है। अपने इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत संघ द्वारा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग को आगामी वर्ष 2022 में 2 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रैंस के आयोजन हेतु अवसर प्रदान किया गया है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Rashtriya Khabar** **Date: 21-12-2021**

# हकेवि में होगा अंतरराष्ट्रीय भौगोलिक संघ के सम्मेलन का आयोजन

- वर्ष 2022 के लिए विश्वविद्यालय को मिला अवसर
- देश-विदेश से जुटेंगे विद्वान, विशेषज्ञ, शिक्षक, शोधार्थी

राष्ट्रीय खबर ब्यूरो




**चंडीगढ़।** अंतरराष्ट्रीय भौगोलिक संघ विश्व स्तर पर भौगोलिक विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। संघ का उद्देश्य मुख्य रूप से दुनियाभर में गठित राष्ट्रीय कमेटियों, आयोगों व कार्यालयों के माध्यम से भौगोलिक शिक्षण और अनुसंधान को बढ़ावा देना है। इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत वर्ष 2022 में संघ हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संघ की ओर से मिले इस अवसर को उल्लेखनीय बताया और कहा कि अवश्य ही इसके माध्यम से भौगोलिक जगत देश-विदेश के विद्वान विश्वविद्यालय में जुटेंगे और विभिन्न नए बदलावों पर एक मंच पर चर्चा करेंगे।

विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय भौगोलिक संघ (आईजीयू) के सहयोग से आयोजित होने वाले इस सम्मेलन के विषय में जानकारी देते हुए भूगोल विभाग के शिक्षक प्रभारी डॉ. मनीष कुमार ने बताया कि संघ भौगोलिक शिक्षण और अनुसंधान को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है और अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए संघ दुनिया भर के कुछ चुनिंदा विश्वविद्यालयों में ऐसे सम्मेलनों और बैठकों का आयोजन करता है। यह एक समर्पित अंतरराष्ट्रीय, अशासकीय, पेशेवर संगठन है। डॉ. मनीष कुमार ने बताया कि संघ के द्वारा अपनी विभिन्न गतिविधियों के बीच प्रत्येक चार वर्षों में एक बार अंतरराष्ट्रीय भौगोलिक कांग्रेस के साथ-साथ विश्व में विविध प्रादेशिक कांफ्रेंस और बैठकों का आयोजन किया जाता है। अपने इन्ही प्रयासों के अंतर्गत संघ द्वारा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग को आगामी वर्ष 2022 में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस के आयोजन हेतु अवसर प्रदान किया गया है।